an>

Title: Need to make gates on rivers in Bihar for irragition facilities to the farmers.

श्री बीरेन्द्र कुमार चौधरी (झंझारपुर) : महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र झंझारपुर बिहार में दर्जनों नदियाँ नेपाल की तराई से निकलती हैं जिसमें बारह महीने पानी बहता है। जैसे विहुल नदी, बछराजा नदी, सुगरवे नदी और अधवारा नदी। इन सभी नदियों पर यदि सुलिश गेट की व्यवस्था कर दी जाए तो हजारों एकड़ जमीन में सिंचाई की सुविधा उपलब्ध हो जाएगी। जिससे किसानों के पैदावार में कई गुना वृद्धि हो जाएगी। जबकि भारत सरकार ने किसानों की जमीन को सिंचित बनाने की बात कही है। बिहार में खेती के अलावा दूसरे कोई रोजगार के साधन नहीं हैं। यदि उपरोक्त सभी नदियों पर सुलिश गेट की व्यवस्था हो जाती है तो बिहार के किसानों को आत्महत्या करने की समस्या उत्पन्न नहीं होगी।

अतः आपके माध्यम से माननीय कृषि एवं सिंचाई मंत्री से आग्रह करूंगा कि यथाशीघ्र सर्वे कराकर सुलिश गेट बनवाने की कृपा करें।